

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

देहरादून **संवाददाता**। दून से चिन्यालीसौड़ की ओर जा रही एक कार चंबा कोटी कॉलोनी मोटर मार्ग पर बाग बाटा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तीनों घायलों को चंबा के मसीहा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। कार सवार सभी लोग देहरादून शादी समारोह में शिरकत करने के बाद अपने घर चिन्यालीसौड़ जा रहे थे। घायलों में लक्ष्मी चंद रमोला पुत्र विजय चंद रमोला, जगबीर चंद रमोला पुत्र प्रताप चंद रमोला और खुशपाल चंद रमोला पुत्र पूरन चंद रमोला. घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### प्रोजेक्ट जल" के तहत 170 छात्र हुए लाभान्वित

देहरादून **संवाददाता**। अग्रणी गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस ने समाज कल्याण के उद्देश्य से, लक्सर हरिद्वार में अलावलपुर डेरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में "प्रोजेक्ट जल" के तहत 170 छात्रों की मदद करने के लिए वाटर प्यूरीफायर और एक पानी की टंकी की खरीद और आपूर्ति की। जिसे शुद्ध पीने का पानी प्राप्त होगा, और पानी से होने वाले गंभीर बीमारियों से राहत मिलेगा। फ्यूजन के "प्रोजेक्ट जल" के पहले तक इस विद्यालय में साफ पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी जिससे छात्रों व् शिक्षकों को विद्यालय में लगे हैंडपंप का ही पानी पीना पड़ता था।

### सेवानिवृत्ति पर रेवाधर त्रिपाठी को दी विदाई

**संवाददाता** देहरादून। शुक्रवार को सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में आयोजित विदाई समारोह में वैयक्तिक अधिकारी रेवाधर त्रिपाठी विभाग में 31 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विभाग के अपर निदेशक डॉ. अनिल चन्दोला, संयुक्त निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी, उप निदेशक के.एस.चौहान ने स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट की। विदाई कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर निदेशक डॉ. अनिल चन्दोला ने कहा कि सूचना विभाग का कार्य संवेदनशील है।

### राजस्व संहिता बनाये जाने पर हुई चर्चा

देहरादून। राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) राजेश टण्डन की अध्यक्षता में विधान सभा में राजस्व संहिता बनाये जाने विषय पर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि राजस्व संहिता बनाये जाने के लिए होम वर्क कर लिया जाए तथा राजस्व परिषद् द्वारा प्राप्त पत्र के आधार पर सर्व सहमति से राजस्व संहिता का ड्राफ्ट 9 जुलाई तक प्रस्तुत करें।

# निशंक बने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री

**पदभार संभाला**

**संवाददाता**

एचआरडी मिनिस्टर के पदभार संभालते ही टेबल पर पहुंचा नई शिक्षा नीति का ड्राफ्ट

नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं पर जोर देने की बात

देहरादून। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार लोकसभा के सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक अपनी राजनीतिक कुशलता से पीएम मोदी और अमित शाह का भरोसा जीतने में कामयाब रहे हैं। साथ ही डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को दूसरी बार संसद पहुंचने पर उन्हें मानव संसाधन विकास मंत्री पद से नवाजा है, जो काफी अहम पद माना जाता है।

इस उपलब्धि को उनका संघर्ष और जनता के बीच सीधा संवाद माना जा रहा है। साथ ही राज्य गठन के बाद पहली बार किसी भी सांसद को सीधे कैबिनेट मंत्री का बनाया गया है। इससे पहले पूर्व सीएम हरीश रावत को मनमोहन सरकार में राज्यमंत्री बनने के बाद कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। वहीं पिछली मर्तबा भी उनके कैबिनेट मंत्रिमंडल में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थी। लेकिन दो पूर्व सीएम भी मैदान में होने से वे पीछे रह गए और बाजी अल्मोड़ा से सांसद अजय टम्टा ने मार ली थी। वहीं पार्टी हाईकमान ने उत्तराखंड में फिर जातीय समीकरण का संतुलन बैठाने की कोशिश की है। क्यों की सूबे के मुख्यमंत्री के तौर पर त्रिवेंद्र सिंह रावत राजपूत हैं जबकि हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ब्राह्मण हैं। वहीं मोदी कैबिनेट में रमेश पोखरियाल निशंक को मानव संसाधन विकास मंत्री के पद से नवाजा है। जिसे राजनीतिक पंडित मोदी कैबिनेट में उनकी मजबूती मान रहे हैं।



कार्यभार संभालते लोकसभा के सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक।

### एचआरडी मिनिस्टर के पास पहुंचा नई शिक्षा नीति का ड्राफ्ट

देहरादून। नए एचआरडी मिनिस्टर रमेश पोखरियाल निशंक के पद संभालने के कुछ देर बाद ही नई एजुकेशन पॉलिसी बना रही कमिटी ने इसका ड्राफ्ट सौंपा। इस पॉलिसी का इंतजार करीब दो साल से हो रहा था और आखिरकार यह तैयार होकर मंत्रालय में आ गई है। पॉलिसी में सबसे ज्यादा फोकस भारतीय भाषाओं पर किया गया है। इसमें कहा गया है कि बच्चों को कम से कम क्लास पांच तक मातृभाषा में पढ़ाना चाहिए, साथ ही शुरू से बच्चों को तीन भारतीय भाषाओं का ज्ञान देना चाहिए। अगर विदेशी भाषा भी पढ़नी है तो यह चौथी भाषा के तौर पर हो सकती है।

### तीन भारतीय भाषाएं सीखें

नई एजुकेशन पॉलिसी में कहा गया है कि बच्चों को प्री–प्राइमरी से लेकर कम से कम पांचवीं तक और वैसे आठवीं तक मातृभाषा में ही पढ़ाना चाहिए। प्री–स्कूल और पहली क्लास में बच्चों को तीन भारतीय भाषाओं के बारे में भी पढ़ाना चाहिए जिसमें वह इन्हें बोलना सीखें और इनकी स्क्रिप्ट पहचाने और पढ़ें। तीसरी क्लास तक मातृभाषा में ही लिखें और उसके बाद दो और भारतीय भाषाएं लिखना भी शुरू करें। अगर कोई विदेशी भाषा भी पढ़ना और लिखना चाहे तो यह इन तीन भारतीय भाषाओं के अलावा चौथी भाषा के तौर पर पढ़ाई जाए।

**प्राइवेट स्कूल की मनमानी पर भी लगाम:** नई एजुकेशन पॉलिसी ड्राफ्ट में प्राइवेट स्कूलों की मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने पर भी लगाम लगाने के कहा गया है। इसमें कहा गया है कि स्कूलों को फीस तय करने की छूट होनी चाहिए लेकिन वह एक तय लिमिट तक ही फीस बढ़ा सकते हैं।

**बोर्ड एग्जाम का तनाव हो कम राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के गठन का प्रस्ताव:** पॉलिसी ड्राफ्ट में राष्ट्रीय शिक्षा आयोग बनाने का भी प्रस्ताव है, जिसे प्रधानमंत्री हेड कर सकते हैं। साथ ही हायर एजुकेशन में अपने पसंद के विषय चुनने की ज्यादा छूट देने का भी प्रस्ताव है। इसमें लिबरल आर्ट में चार साल की बैचलर डिग्री शुरू करने का भी प्रस्ताव है।

### केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनने पर डा. निशंक को बधाई दी

देहरादून **संवाददाता**। भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में हरिद्वार सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर डा. निशंक को बधाई दी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से डॉ रमेश पोखरियाल निशंक को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से उत्तराखंड का और यहां की जनता का मान बढ़ा है। डा. निशंक के मंत्री बनने से विकास कार्यों में और तेजी आएगी। इससे उत्तराखंड की जनता और उत्तराखंड राज्य को निशंक के कार्य करने की क्षमता का पूरा लाभ मिलेगा।

# व्यसन मुक्ति अभियान का मंत्री ने किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

- व्यसनी बनने से नष्ट हो रही रचनात्मक और क्रियात्मक शक्ति

देहरादून। **संवाददाता**

आदत तो किसी भी चीज की बुरी होती है और अगर कोई मनुष्य व्यसनों के आदी हो जाये तो उसका सत्यानाश हो जाता है। हमारा भारत देश सारे विश्व का मार्गदर्शन करता था परन्तु आज हमारे देश में व्यसनों का मक्कड़जाल फैलता जा रहा है। सारे विश्व में युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा हमारे देश में है परन्तु हमारे युवा व्यसनी बनते जा रहे हैं, जिससे उनकी रचनात्मक, क्रियात्मक शक्ति नष्ट हो रही है।

तम्बाकू, शराब, गुटक और न जाने कितनी प्रकार नशीली चीजें हैं जिनके सेवन से व्यक्ति की शारारिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक शक्ति नष्ट हो जाती है। अनेक प्रकार से यह लाइलाज रोगों से भी अधिक खतरनाक है। बीमारियों से एक व्यक्ति मर सकता है परन्तु मादक द्रव्यों के सेवन करने से व्यक्ति स्वयं तो मरता है साथ–साथ मित्र व संबंधियों के लिये दुख का कारण बनता है। यह विचार कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के व्यसन मुक्ति अभियान के उद्घाटन पर व्यक्त किये। मंत्री ने ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये अभियान को शिव ध्वज दिखाकर रवाना किया।

इस अभियान के संचालन के लिए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मन्जू बहन ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लोगों में एक गलत धारणा यह भी है कि केवल असामाजिक तत्व ही मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं।





व्यसन मुक्ति अभियान का शिव ध्वज दिखाकर उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री।

### अभियान 2 से 6 जून तक

**संवाददाता** देहरादून। नौटियाल कृत्रिम अंग कल्याण समिति, "दिव्यांगजन प्रेरणा के तहत जन जागरण अभियान का आयोजन 2 जून से 6 जून को करने जा रही है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।